रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06102025-266713
CG-DL-E-06102025-266713

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4405] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 6, 2025/आश्विन 14, 1947
No. 4405] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 6, 2025/ASVINA 14, 1947

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 2025

का. आ. 4533(अ).— केन्द्रीय सरकार, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश, 1985 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित आदेश करती है, अर्थात:-

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) ग्यारहवाँ संशोधन आदेश, 2025 है।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगा।

2. उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश, 1985 में, अनुसूची VI में, भाग घ "परीक्षण की कार्यपद्धति" में, उपशीर्षक 32, "आर्सेनिक का अवधारण" के पश्चात्, निम्नलिखित मदें और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात:-

"33. एचपीएलसी द्वारा सैलिसिलिक एसिड का अवधारण -

33.1 उपकरण-

(क) रिवर्स फेज़ सी-18 कॉलम (250 मिमी × 4.6 मिमी x 5 माइक्रोंन)

(ख) यूवी डिटेक्टर

(ग) ऐनालिटिकल बैलेंस

(घ) 0.22 माइक्रोंन सिरिंज फ़िल्टर

33.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) एसीटोनिट्राइल (एचपीएलसी ग्रेड, सीएएस नं. 75-05-8)

(ख) ऑर्थोफॉस्फोरिक एसिड (सीएएस नं. 7664-38-2)

(ग) सैलिसिलिक एसिड (सीएएस नं. 69-72-7)

(घ) जल (एचपीएलसी ग्रेड)

(ङ) मोबाइल फेज की तैयारी: एसीटोनिट्राइल और जल (0.1% ऑर्थोफॉस्फोरिक एसिड के साथ) को 50:50 वी/वी के अनुपात में लें, इसे 5 मिनट के लिए सोनिकेट करें और उपयोग से पहले विलयन को वैक्यूम फ़िल्टर करें और डीगैस करें।

(च) सैलिसिलिक एसिड मानक के स्टॉक विलयन की तैयारी: 10 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में सैलिसिलिक एसिड (10 मिलीग्राम) लें, फ्लास्क में 7 मिली लीटर मोबाइल फेज डालें, 10 मिनट तक सोनिकेट करें, मोबाइल फेज के साथ आयतन 10 मिली लीटर करें, इस प्रक्रिया से 1000 पीपीएम का स्टॉक विलयन प्राप्त होता है।

(छ) सैलिसिलिक एसिड के कार्यशील विलयन की तैयारी: 1.0 मिली लीटर स्टॉक मानक को मोबाइल फेज के साथ 10 मिली लीटर तक तनु करें और अच्छी तरह मिलाएँ, इससे 100 पीपीएम का कार्यशील मानक विलयन प्राप्त होता है, 1.0 मिली लीटर कार्यशील मानक विलयन को मोबाइल फेज के साथ 10 मिली लीटर तक पतला करें, इससे 10 पीपीएम का प्रायोगिक मानक विलयन प्राप्त होता है, निम्न तालिका यथाविनिर्दिष्ट कैलिब्रेशन वक्र तैयार करें:-

तालिका

क्र.सं.	रैखिकता मानक	स्टॉक विलयन की सांद्रता (पीपीएम)	उपयोग किए जाने वाले स्टॉक विलयन का आयतन (मि. ली.)	प्रयोग किए जाने वाले जल का आयतन (मि. ली.)	मानक की सांद्रता (माइक्रो ग्राम/मि. ली.)
(i)	मानक 1	10 पीपीएम	0.10	0.90	1
(ii)	मानक 2	10 पीपीएम	0.50	0.50	5
(iii)	मानक 3	10 पीपीएम	1.0	0.00	10
(iv)	मानक 4	100 पीपीएम	0.25	0.75	25
(v)	मानक 5	100 पीपीएम	0.50	0.50	50
(vi)	मानक 6	100 पीपीएम	1.0	0.00	100

(ज) नमूना विलयन की तैयारी:-

(i) नमूना लेने से पहले उत्पाद को अच्छी तरह मिलाएं या हिलाएं;

(ii) तरल उत्पादों के लिए, 50 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में उत्पाद का 0.5 से 5 ग्राम (±10%) सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(iii) पाउडर उत्पादों के लिए, जिनके पुनर्गठन की आवश्यकता नहीं है, 50 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 1.0 ग्राम पाउडर का सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(iv) 50 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में लगभग 10 से 15 मिली मोबाइल फेज़ डालें और पाउडर को पूर्ण रूप से घुलने तक घुमाएं या हिलाएं; पाउडर उत्पादों के लिए जो उप-ग्राम स्तर पर सजातीय नहीं हैं, उत्पाद लेबल अनुदेशों का पालन करते हुए पुनर्गठित करें और 50 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 1.0 ग्राम पुनर्गठित उत्पाद का सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(v) मोबाइल फेज़ के साथ आयतन को 50 मिली लीटर तक बनाएं;

(vi) इसे तीस मिनट तक सोनिकेट करें और 0.22माइक्रोंन सिरिंज फिल्टर से छान लें; और

(vii) विश्लेषण के लिए एचपीएलसी-यूवी सिस्टम में 10 माइक्रोलीटर इंजेक्ट करें।

33.3 प्रक्रिया-

निम्न तालिका में यथानिर्दिष्ट एचपीएलसी स्थितियों का पालन करते हुए विश्लेषण करें-

तालिका

(i)	कॉलम	सी-18 (250 मिली मीटर x 4.6 मिली मीटर x 5 माइक्रोंन)
(ii)	डिटेक्टर	यूवी
(iii)	डिटेक्टर वेवलेंथ	237 नैनो मीटर
(iv)	प्रवाह दर	1.0 मिली लीटर/मिनट
(v)	कॉलम तापमान	40 डिग्री सेल्सियस
(vi)	मोबाइल फेज	एसीटोनिट्राइल का उपयोग करके मोबाइल फेज के साथ आइसोक्रेटिक निक्षालन: 0.1% ऑर्थोफॉस्फोरिक एसिड के साथ जल (50: 50 वी/वी)
(vii)	रन टाइम	50 मिनट
(viii)	इनजेक्शन आयतन	10 माइक्रोलीटर

33.4 संगणना-

$$\text{सैलिसिलिक एसिड (मिली ग्राम/किलो ग्राम)} = \frac{\text{नमूना क्षेत्रफल x मानक सांद्रता x विलयन}}{\text{मानक क्षेत्रफल x नमूना वजन}}$$

33.5 संदर्भ-

कोवाल्स्का एम, वोज़्नियाक एम, किजेक एम, मिट्रोज़ पी, स्ज़ाकील जे, ट्यूरेक पी. एक नए दवा उत्पाद में एसिटाइलसैलिसिलिक एसिड की अशुद्धियों के अवधारण के लिए एचपीएलसी पद्धति का सत्यापन प्रबंधन, साइंटिफिक रिपोर्ट्स 2022 जनवरी 6;12 (1):1।

34. एचपीएलसी द्वारा साइटोकाइनिन का अवधारण -

34.1 उपकरण-

(क) रिवर्स फेज़ सी-18 कॉलम (250 मिमी × 4.6 मिमी x 5 माइक्रोंन)

(ख) यूवी डिटेक्टर

(ग) ऐनालिटिकल बैलेंस

(घ) 0.22 माइक्रोंन सिरिंज फ़िल्टर

34.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) एसीटोनिट्राइल (एचपीएलसी ग्रेड, सीएएस नं. 75-05-8)

(ख) जल (एचपीएलसी ग्रेड)

(ग) मेथनॉल (एचपीएलसी ग्रेड, सीएएस न. 67-56-1)

(घ) मोबाइल फेज की तैयारी.-

सॉलवेंट ए - मेथनॉल: जल: ग्लेशियल एसिटिक एसिड (*50:450:*1, वी/वी/वी*);* और
सॉलवेंट बी - मेथनॉल: ग्लेशियल एसिटिक एसिड (*500: 1*, वी/वी*)*

(ङ) जिएटिन के मानक स्टॉक विलयन की तैयारी: 10 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 10 मिलीग्राम जिएटिन लें, इसमें 1 मिली लीटर 0.1N सोडियम हाइड्रोक्साइड मिलाएं और सोनिकेशन से घोलें, मेथनॉल का उपयोग करके आयतन 10 मिली लीटर तक बनाएं, इससे 1000 पीपीएम का स्टॉक विलयन प्राप्त होता है।

(च) जिएटिन के कार्यशील विलयन की तैयारी :1.0 मिली स्टॉक मानक को मेथनॉल के साथ 10 मिली तक तनु करें और अच्छी तरह से मिलाएं, यह 100 पीपीएम का एक मध्यवर्ती मानक विलयन देता है, मोबाइल फेज के साथ 1.0 मिली मध्यवर्ती मानक विलयन को 10 मिली तक तनु करें, यह 10 पीपीएम का एक मध्यवर्ती मानक विलयन देता है, निम्न तालिका में यथानिर्दिष्ट विवरणों के अनुसार कैलिब्रेशन वक्र तैयार करें:-

तालिका

क्र.सं.	रैखिकता मानक	स्टॉक विलयन की सांद्रता (पीपीएम)	प्रयोग किए जाने वाले स्टॉक विलयन का आयतन (मिली लीटर)	प्रयोग किए जाने वाले मेथनॉल का आयतन (मिली लीटर)	मानक की सांद्रता (माइक्रो ग्राम/मिली लीटर)
(i)	मानक 1	10 पीपीएम	0.50	0.50	5
(ii)	मानक 2	10 पीपीएम	1.0	0.00	10
(iii)	मानक 3	100 पीपीएम	0.5	0.50	50
(iv)	मानक 4	100 पीपीएम	1.0	0.00	100
(v)	मानक 5	1000 पीपीएम	0.2	0.80	200
(vi)	मानक 6	100 पीपीएम	0.4	0.60	400

(छ) नमूना विलयन की तैयारी-

(i) नमूना लेने से पहले उत्पाद को अच्छी तरह मिलाएं या हिलाएं;

(ii) तरल उत्पाद के लिए, 50 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में उत्पाद का 0.5 से 5 ग्राम (±10%) सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(iii) पाउडर उत्पाद, जिन्हें पुनर्गठन की आवश्यकता नहीं है, 50 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 1.0 ग्राम पाउडर सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(iv) 50 मिली लीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में लगभग 10 से 15 मिली मोबाइल फेज़ डालें और पाउडर को पूरी तरह से घुलने तक घुमाएं या हिलाएं; पाउडर उत्पादों के लिए जो उप-ग्राम स्तर पर सजातीय नहीं हैं, उत्पाद लेबल अनुदेशों का पालन करते हुए पुनर्गठित करें और 50 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 1.0 ग्राम पुनर्गठित उत्पाद का सटीक वजन लें और वजन को निकटतम 0.0001 ग्राम तक रिकॉर्ड करें;

(v) मोबाइल फेज़ के साथ आयतन को 50 मिली लीटर तक बनाएँ;

(vi) इसे तीस मिनट तक सोनिकेट करें और 0.22माइक्रोंन सिरिंज फिल्टर से छान लें; और

(vii) विश्लेषण के लिए एचपीएलसी-यूवी प्रणाली में 10माइक्रोलीटर इंजेक्ट करें।

34.3 प्रक्रिया-

(क) प्रारंभ में कॉलम को 80% सॉलवेंट ए और 20% सॉलवेंट बी के मिश्रण के साथ अनुकूलित करें, यौगिकों (कम्पाउन्ड्स) को एचपीएलसी स्थितियों में दिए गए सॉलवेंट प्रणाली का उपयोग करके

मेथनॉल सांद्रता को शून्य से बीस मिनट (20% बी+ 80% ए) से (45% बी+ 55% ए), बीस से बाईस मिनट (45% बी + 55% ए), बाईस से तीस मिनट (45% बी + 55% ए) से (60% बी + 40% ए), तीस से चालीस मिनट (60% बी से 40% ए) तक बढ़ाने के ग्रेडिएंट एल्यूशन के साथ निक्षालन करें; और

(ख) एचपीएलसी स्थितियां: निम्न तालिका में यथानिर्दिष्ट एचपीएलसी प्रचालन स्थितियों का पालन करते हुए एचपीएलसी विश्लेषण करें:

तालिका

(i)	कॉलम	सी18 (250 मिली मीटर x 4.6 मिली मीटर x 5 माइक्रोंन)
(ii)	डिटेक्टर	यूवी
(iii)	डिटेक्ट करने के लिए वेवलेंथ	269 नैनो मीटर
(iv)	प्रवाह दर	0.5 मिली लीटर/मिनट
(v)	कॉलम तापमान	30 डिग्री सेल्सियस
(vi)	मोबाइल फेज	*विलायक* A- *मेथनॉल: जल: ग्लेशियल एसिटिक अम्ल (50:450:* l, *वी /वी /वी)* *विलायक* B- *मेथनॉल: ग्लेशियल एसिटिक एसिड (500: 1, वी /वी)*
(vii)	रन टाइम	40 मिनट
(viii)	इनजेक्शन आयतन	20 माइक्रोलीटर

34.4 गणना-

$$\text{साइटोकिनिन (मिली ग्राम/किलो ग्राम)} = \frac{\text{नमूना क्षेत्रफल x मानक सांद्रता x विलयन}}{\text{मानक क्षेत्रफल x नमूना वजन}}$$

34.5 संदर्भ-

क्यूई, बी.; वू, सी.; लियांग, एच.; कुई, के.; फहद, एस.; वांग, एम.; लियू, बी.; नी, एल.; हुआंग, जे.; टैंग, एच. नौ साइटोकाइनिन, इंडोल-3-एसिटिक एसिड और एब्सिसिक एसिड के अवधारण के लिए अनुकूलित उच्च-प्रदर्शन तरल क्रोमैटोग्राफी पद्धति। सस्टेनेबिलिटी **2021**, 13, 6998 ।

35. कार्बोहाइड्रेट या सैकराइड्स का अवधारण -

35.1 उपकरण-

(क) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
(ख) वोर्टेक्स मिक्सर
(ग) हीटिंग मेंटल/वाटर बाथ
(घ) बैलेंस

35.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) एंथ्रोन (सीएएस न. 90-44-8)
(ख) सान्द्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड (सीएएस न. 7647-01-0)
(ग) सान्द्र सल्फ्यूरिक एसिड (सीएएस न. 7664-93-9)
(घ) 2.5N हाइड्रोक्लोराइड: 208.3 मिलीलीटर सांद्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड लें और जल के साथ 1000 मिली लीटर तक आयतन पूरा करें।
(ङ) एंथ्रोन अभिकर्मक: 200 मिलीग्राम एंथ्रोन को 100 मिलीलीटर आइस-कोल्ड सांद्र सल्फ्यूरिक एसिड में घोलें, उपयोग से पहले ताज़ा तैयार करें।

(च) मानक ग्लूकोज़ स्टॉक : 100 मिलीग्राम ग्लूकोज़ को 100 मिलीलीटर जल में घोलें, इससे 1000 मिलीग्राम/मिली ग्लूकोज़ विलयन तैयार होता है।

(छ) कार्यशील मानक: आसुत जल के साथ 10 मिली लीटर ग्लूकोज़ स्टॉक विलयन को 100 मिली लीटर तक तनु करें, यह 100 मिली ग्राम/मिली लीटर का कार्यशील मानक देता है, टोल्यून की कुछ बूंदें डालने के बाद इसे रेफ्रिजरेट करके रखें।

टिप्पण : *आइस-कोल्ड एंथ्रोन अभिकर्मक डालने से पहले सभी ट्यूबों की सामग्री को बर्फ पर ठंडा कर लें।*

35.3 प्रक्रिया-

(क) 100 मिली ग्राम सैंपल को उबलते ट्यूब में तौलें;

(ख) इसे 5 मिली लीटर 2.5एन हाइड्रोक्लोरिक एसिड के साथ उबलते वाटरबाथ में 3 घंटे तक रखकर हाइड्रोलाइज़ करें और कमरे के तापमान तक ठंडा करें;

(ग) बुदबुदाहट बंद होने तक ठोस सोडियम कार्बोनेट के साथ इसे उदासीन करें;

(घ) आयतन को 100 मिलीलीटर तक बनाएं और सेंट्रीफ्यूग करें;

(ङ) सतह पर तैरने वाला पदार्थ एकत्र करें और विश्लेषण के लिए 0.5 मिलीलीटर और 1 मिलीलीटर अंश लें;

(च) कार्यशील मानक के 0, 0.2, 0.4, 0.6, 0.8 और 1 मिली लीटर लेकर मानक तैयार करें, '0' शून्य को दर्शाता है।

(छ) आसुत जल डालकर नमूना ट्यूब सहित सभी ट्यूब्स में आयतन को 1 मिली लीटर तक बनाएं;

(ज) 4 मिली लीटर आइस-कोल्ड एंथ्रोन अभिकर्मक मिलाएं;

(झ) उबलते जल में आठ मिनट तक गर्म करें;

(ञ) बर्फ पर तेजी से ठंडा करें और 630 नैनो मीटर पर पर हरा से गहरा हरा रंग होने तक रीडिंग लें;

(ट) एक्स-अक्ष पर मानक सांद्रता बनाम वाई-अक्ष पर अवशोषण को आलेखित करके एक मानक ग्राफ बनाएं; और

(ठ) ग्राफ से सैंपल ट्यूब में विद्यमान कार्बोहाइड्रेट की मात्रा की संगणना करें।

35.4 गणना-

कार्बोहाइड्रेट की मात्रा (100 मिली ग्राम नमुने में)	=	(ग्लूकोस का मिली ग्राम ÷ परिक्षण नमूने का आयतन) x 100

35.5 संदर्भ-

हेज, जेई और होफ्रेइटर बीटी (1962) इन: कार्बोहाइड्रेट केमिस्ट्री 17 (संपादक व्हिस्लर आर एल और बी मिलर, जे एन) अकादमिक प्रेस न्यूयॉर्क।

36. स्टार्च का अवधारण.-

36.1 उपकरण-

(क) वाटर बाथ

(ख) हाई स्पीड सेंट्रिफ्यूग

(ग) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर

(घ) ऐनालिटिकल बैलेंस

36.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) इथेनॉल 95%- 95 मिली लीटर शुद्ध इथेनॉल में 5 मिली लीटर जल मिलाएं
(ख) सान्द्र परक्लोरिक एसिड
(ग) सान्द्र सल्फ्यूरिक एसिड

36.3 प्रक्रिया-

(क) शुगर को हटाने के लिए नमूने के 0.1 से 0.5 ग्राम को गर्म 80% इथेनॉल में समरूपित करें, सेंट्रिफ्यूग करें और अवशेष को रोककर रखें, अवशेष को गर्म 80% इथेनॉल से बार-बार तब तक धोएँ जब तक कि धोने पर एंथ्रोन अभिकर्मक से रंग न आ जाए, अवशेष को वाटर बाथ में अच्छी तरह सुखाएँ;
(ख) अवशेष में 5.0 मिली लीटर जल और 6.5 मिली लीटर 52% परक्लोरिक एसिड मिलाएं;
(ग) 0 डिग्री सेल्सियस पर 20 मिनट तक निष्कर्षण करें, सेंट्रिफ्यूग करें और सतह पर तैरने वाले पदार्थ को सुरक्षित रखें;
(घ) ताज़ा परक्लोरिक एसिड का उपयोग करके निष्कर्षण (एक्सट्रैक्शन) दोहराएं, सेंट्रिफ्यूग करें और सतह पर तैरने वाले पदार्थ को जमा करें और 100 मिली लीटर तक तैयार करें;
(ङ) सतह पर तैरने वाले पदार्थ के 0.1 मिलीलीटर या 0.2 मिलीलीटर को पिपेट से बाहर निकालें और जल के साथ आयतन को 1 मिली लीटर तक बनाएँ; और
(च) एंथ्रोन अभिकर्मक का उपयोग करके अपचायक शर्करा के विश्लेषण के लिए आगे बढ़ें, जैसा कि उप-शीर्षक 35 में कार्बोहाइड्रेट या सैकराइड के अवधारण में वर्णित है।

36.4 संगणना-

मानक ग्राफ का उपयोग करके नमूने में ग्लूकोज की मात्रा ज्ञात करें, स्टार्च की मात्रा ज्ञात करने के लिए मान को 0.9 से गुणा करें।

36.5 संदर्भ-

हॉज जेई और होफ्रेइटर बीटी 1962. इन: मेथड्स इन कार्बोहाइड्रेट केमिस्ट्री (संपादक व्हिस्लर आरएल और बी मिलर जेएन) एकेडमिक प्रेस न्यूयॉर्क।

37. सेल्यूलेज कर्यलाप का अवधारण -

37.1 उपकरण-

(क) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
(ख) वाटर बाथ
(ग) ऐनालिटिकल बैलेंस

37.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) कार्बोक्सी मिथाइल सेलुलोज़ (सीएएस न. 9004-32-4)
(ख) डाइनाइट्रोसैलिसाइक्लिक एसिड (सीएएस न. 609-99-4)
(ग) फिनोल (सीएएस न. 108-95-2)
(घ) सोडियम सल्फाइट (सीएएस न. 7757-83-7)
(ङ) रोशेल सॉल्ट (पोटेशियम सोडियम टार्टरिट) (सीएएस न. 6381-59-5)
(च) साइट्रिक एसिड मोनोहाइड्रेट (सीएएस न. 5949-29-1)
(छ) साइट्रेट बफर: 750 मिली लीटर आसुत जल में साइट्रिक एसिड मोनोहाइड्रेट (210 ग्राम) घोलें, सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग करके पीएच को 4.3 पर समायोजित करें, आयतन को 1000 मिलीलीटर बनाएं और पीएच को 4.5 पर समायोजित करने के लिए सोडियम हाइड्रॉक्साइड डालें, यह 1एम साइट्रेट बफर (पीएच 4.5) देता है, अब 1एम साइट्रेट बफर का 5 मिली लीटर लें, 90 मिलीलीटर डिस्टिल्ड जल मिलाएँ और सोडियम हाइड्रॉक्साइड का उपयोग करके पीएच को 4.8

पर समायोजित करें, आसुत जल के साथ आयतन को 100 मिलीलीटर करें, यह 0.05एम साइट्रेट बफर (पीएच 4.8) का विलयन देता है।

(ज) डाइनाइट्रोसैलिसिलिक एसिड (डीएनएसए) स्टॉक विलयन: इसमें विलयन ए और विलयन बी सम्मिलित हैं जैसा कि नीचे दिया गया है-
  (i) विलयन ए: 1000 मिलीलीटर जल में 10 ग्राम सोडियम हाइड्रॉक्साइड घोलें, अच्छी तरह से मिलाएं और इससे 1% सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन प्राप्त होगा; और
  (ii) विलयन बी: विलयन ए में 200 मिलीग्राम पोटेशीयम-सोडियम टार्टरिट, 2 ग्राम क्रिस्टलीय फिनोल और 10 ग्राम डीएनएस मिलाएं, बीकर को हीटर/स्टिरर पर रखें और धीरे-धीरे गर्म करें, हिलाते हुए, घुलने तक, कमरे के तापमान तक ठंडा करें और विलयन को 4°से. पर एम्बर रंग की बोतलों में संग्रहित करें।

(झ) डीएनएसए. कार्यशील विलयन: 99 मिली स्टॉक डीएनएसए में 1 मिली 5% सोडियम सल्फाइट डालें और अच्छी तरह मिलाएं;

(ञ) सब्सट्रेट तैयार करना: 2 ग्राम कार्बोक्सिमिथाइल सेलुलोज (सीएमसी) तौलें और इसे 100 मिली 0.05एम साइट्रेट बफर (पीएच 4.8) में घोलें, अच्छी तरह विलयन बनाने के लिए मिश्रण को अच्छी तरह हिलाएं और यदि आवश्यक हो, तो घुलने में आसानी के लिए विलयन को मध्यम तापमान (जैसे, 60 °से.) तक गर्म करें;

(ट) ग्लूकोज मानक स्टॉक विलयन: 100 मिली जल में 100 मिलीग्राम ग्लूकोज घोलें और यह 1 मिलीग्राम/मिली का स्टॉक देता है;

(ठ) ग्लूकोज का कार्यशील मानक विलयन: एक साफ सूखी परखनली में 0.1 मिली से 1 मिली तक पिपेट से निकालें, 0.05 एम साइट्रेट बफर (पीएच 4.8) के साथ आयतन 1 मिली तक करें और 1 मिली 0.05एम साइट्रेट बफर (pH 4.8) लेकर ब्लेंक तैयार करें; और

(ड) नमूना विलयन की तैयारी: नमूना लेने से पहले उत्पाद को अच्छी तरह मिलाएं या हिलाएं, तरल उत्पाद के लिए, नमूने का 1 मिली लें और 0.05एम साइट्रेट बफर (pH 4.8) को मिलाकर तनु करें और संगणना के लिए तनुकरण कारक का उपयोग करें और पाउडर उत्पाद के लिए, 1 ग्राम नमूना लें और इसे 10 मिली 0.05एम साइट्रेट बफर (पीएच 4.8) में घोलें और परीक्षण के लिए इस नमूने का 1 मिली लें।

37.3 प्रक्रिया-

(क) परखनली में 1 मिलीलीटर परीक्षण नमूना, ब्लेंक और ग्लूकोज कार्यशील मानक लें और 50 °से. पर तैयार वॉटर बाथ में तीस मिनट के लिए इनक्यूबेट करें;

(ख) 3 मिलीलीटर डीएनएसए अभिकर्मक डालें और परखनली को उबलते वॉटर बाथ में पंद्रह मिनट के लिए इनक्यूबेट करें; और

(ग) नमूनों को ठंडा करें और स्पेक्ट्रोफोटोमीटर में 575 एनएम पर अवशोषण पढ़ें।

37.4 संगणना-

(क) ग्लूकोज का मानक कर्व तैयार करें तथा नमूनों में अपचायक शर्करा के प्रकलन के लिए अशाकन करें; और

(ख) समीकरण का उपयोग करके एंजाइम कर्यलाप को आईयू/एमएल के रूप में व्यक्त करें-

सीएमकेस कर्यलाप = ग्लूकोज रिलीज (मिलीग्राम) x 0.37 x डीएफ़ (यदि कोई हो तो)

37.5 संदर्भ-

घोष टीके 1987. सेल्यूलेज कर्यलाप का मापन. शुद्ध और अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान 59: 257-268.

38. *विकरहामो माइसेसानोमोलस* की गणना का अवधारण -

38.1 उपकरण-

(क) ऐनालिटिकल बैलेंस
(ख) पीएच मीटर
(ग) आटोक्लेव।
(घ) जैव सुरक्षा कैबिनेट या लेमिनार एयर फ्लो चेम्बर
(ङ) इनक्यूबेटर
(च) कॉलोनी काउंटर

38.2 ग्रोथ मीडियम और डाइल्यूऐंट की तैयारी -

(क) ग्रोथ मीडियम: निम्न तालिका में विनिर्दिष्ट संरचना के अनुसार रोज बंगाल अगर मीडिया तैयार करें

तालिका

क्र. सं.	संघटक	ग्राम प्रति लीटर
(i)	डेक्सट्रोज़	10
(ii)	पेप्टोन	5
(iii)	मोनोपोटेशियम फॉस्फेट	1
(iv)	मैग्नीशियम सल्फेट	0.5
(v)	रोज बंगाल	0.05
(vi)	अगर	18
(vii)	पीएच	7.2± 0.2

(ख) तैयार किए गए मीडिया को 121°से. पर 15 मिनट के लिए ऑटोक्लेव करें, 10 मिली फ़िल्टर से विसंक्रामित क्लोरोटेट्रासाइक्लिन या क्लोरैमफेनिकॉल (1% भार /आयतन) मिलाएं;

(ग) डाइलूएंट : फिजियोलॉजिकल सलाइन (0.9% सोडियम क्लोराइड) —0.9 ग्राम सोडियम क्लोराइड को 100 मिलीलीटर जल में मिलाएं।

38.3 प्रक्रिया-

(क) क्र. सं. 38.2 में वर्णित संघटन और प्रक्रिया के अनुसार रोज बंगाल अगर मीडिया तैयार करें और इसे 45–50 °से. तक ठंडा होने दें।

(ख) लैमिनार फ्लो बेंच पर प्रत्येक पेट्री प्लेट में लगभग 15–20 मिलीलीटर मीडिया डालें,

(ग) परीक्षण नमूने की 10 ग्राम मात्रा को 250 मिलीलीटर कोनिकल फ्लास्क में 90 मिलीलीटर ऑटोक्लेव किए गए फिजियोलॉजिकल सलाइन के साथ मिलाएं, इसे शेकर पर 150 आरपीएम पर 30 मिनट तक हिलाएं। इससे 10^{-1} विलयन प्राप्त होता है।

(घ) नौ ट्यूबें तैयार करें, जिसमें प्रत्येक में फिजियोलॉजिकल सलाइन हो, इन्हें ऑटोक्लेव करके ठंडा करें, 10^{-1} विलयन से 1 मिलीलीटर भाग निकालकर 9 मिलीलीटर फिजियोलॉजिकल सलाइन वाली अगली ट्यूब में डालें, इससे 10^{-2} विलयन बनता है। इसी प्रकार, प्रत्येक बार 1 मिलीलीटर को 9 मिलीलीटर में मिलाकर सीरियल विलयन 10^{-9} तक तैयार करें।

(ङ) प्रत्येक विलयन से 0.1 मिलीलीटर को रोज़ बंगाल अगर प्लेट पर स्प्रेड प्लेट करें, प्लेट्स को 28° से. पर इनक्यूबेटर में रखें, प्रत्येक डाइल्यूशन के लिए तीन प्लेट्स (त्रैतीयक) बनाए रखें,

(च) पांच दिन बाद प्लेट्स का निरीक्षण करें, मुलायम, ग्लैब्रोस (बाल रहित), यीस्ट जैसे, सफेद से क्रीम रंग के कॉलोनी की संख्या गिनें।

38.4 संगणना-

कॉलोनी बनाने वाली इकाई (सीएफ़यू प्रति ग्राम)	=	कॉलोनियों की संख्या (तीन पुनरावृत्तियों का औसत)	x	विलयन कारक	x	10

38.5 संदर्भ-

जार्विस बी 1973 खाद्य पदार्थों में फफूंदों और यीस्ट के चयनात्मक पृथक्करण और संगणना के लिए बेहतर रोज़ बंगाल-क्लोरटेट्रासाइक्लिन अगर की अन्य मीडिया के साथ तुलना, जर्नल ऑफ बैक्टीरियोलॉजी 36: 723- 727

39. यूजेनॉल का अवधारण.-

39.1 उपकरण-

(क) जीसी-एफआईडी।

(ख) वीए-5 एमएस केपिलरी कॉलम (30 मीटर x 0.25 मिमी x 0.25 माइक्रोमीटर) से सुसज्जित जीसी-एमएस,

(ग) ऐनालिटिकल बैलेंस

39.2 रसायन, गैस और अभिकर्मकों की तैयारी-

(क) यूजेनॉल (सी.ए.एस. नं 97-53-0)

(ख) हेक्सेन (सी.ए.एस. नं 110-54-3)

(ग) नाइट्रोजन गैस

(घ) एयर गैस

(ङ) हाइड्रोजन गैस

(च) मानक विलयन : 1.0 मिली शीशी में मानक यूजेनॉल (1.0 मि.ग्रा.) लें और 1.0 मिली हेक्सेन डालकर मिलाएं,

(छ) नमूना विलयन : 1.0 मिलीलीटर शीशी में नमूना (1.0 मिलीग्राम) लें और 1.0 मिलीलीटर हेक्सेन डालें और मिलाएं।

39.3 प्रक्रिया-

जीसी-एफआईडी स्थितियां : जीसी-एफआईडी स्थितियां निम्न तालिका में निर्दिष्ट हैं.-

तालिका

(i)	कॉलम	केपिलरी कॉलम, एसएच आरटीएक्स-5 (30 मीटर× 0.25 मिलीमीटर× 0.25 माइक्रो मीटर)
(ii)	वाहक गैस	नाइट्रोजन
(iii)	प्रवाह दर	1 मिली/मिनट (स्पिलट मोड, 1:20)
(iv)	इंजेक्शन आयतन	0.2माइक्रोलीटर
(v)	इंजेक्टर तापमान	250°से.
(vi)	डिटेक्टर तापमान	260°से.
(vii)	ओवन तापमान	60°से. से 250°से.
(viii)	रैम्प प्रोग्राम	60°से. और 3°से./मिनट से 250°से. पर स्पिलट मोड में प्रोग्राम करना (1:20)

39.4 गणना-

एफआईडी प्रतिक्रिया कारक के लिए बिना सुधार कंप्यूटर द्वारा गणना की गई जीसी पीक क्षेत्रों (कर्व के अधीन क्षेत्र अर्थात, एयूसी) के आधार पर यूजेनॉल की सापेक्ष मात्रा की गणना करें,

$$\text{कुल यूजेनाल\%} = \frac{\text{नमूना पीक का एयूसी} \times \text{मानक की सांद्रता (मिलीग्राम/लीटर)} \times \text{मानक की शुद्धता का \%}}{\text{नमूना पीक का कुल एयूसी} \times \text{नमूने की सांद्रता (मिलीग्राम/लीटर)}}$$

39.5 संदर्भ -

अजित, एम., पंकज, शकील, एन.ए., कौशिक, पी., और राणा, वी.एस. सुगन्धित तेलों और उनके प्रमुख यौगिकों की *मेलोइडोगाइन ग्रैमिनिकोला* (चावल की जड़-गाँठ सूत्रकृमि) के विरुद्ध रासायनिक संरचना और निमेटोसाइडल क्रियाशीलता। जर्नल ऑफ एसेंशियल ऑयल रिसर्च 2020, 32, 526-535

40. फोलिक एसिड (विटामिन बी9) का अवधारण -

40.1 उपकरण-

(क) बाइनरी ग्रेडिएंट पंप के साथ एचपीएलसी
(ख) ऐनालिटिकल बैलेंस
(ग) सेंट्रीफ्यूज
(घ) माइक्रोपिपेट (100 -1000 माइक्रोलीटर, 20 -200 माइक्रोलीटर 10 -100 माइक्रोलीटर)
(ङ) सोनिकेटर
(च) वोर्टेक्स मिक्सर
(छ) होमोजेनाइज़र
(ज) 0.45 माइक्रोमीटर नायलॉन सिरिंज फ़िल्टर

40.2 रसायन और अभिकर्मकों की तैयारी-

(क) अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (सी.ए.एस. न. : 1336-21-6)।
(ख) फॉस्फोरिक एसिड (सी.ए.एस. न. : 7664-38-2)।
(ग) मोनोबेसिक पोटेशियम फॉस्फेट (सी.ए.एस. न. : 7778-77-0)।
(घ) टेट्राब्यूटाइल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (सी.ए.एस. न. : 2052-49-5)।
(ङ) मेथनॉल (सी.ए.एस. न. : 67-56-1)।
(च) फोलिक एसिड (सी.ए.एस. न. : 59-30-3)।
(छ) जल (एचपीएलसी ग्रेड/अति-शुद्ध जल)।
(ज) 0.5एम टेट्राब्यूटाइल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड: 1000 मिलीलीटर मेथनॉल में 129.735 ग्राम टेट्राब्यूटाइल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड घोलें।
(झ) 3एन फॉस्फोरिक एसिड: 1000 मिलीलीटर फ्लास्क में 67.8 मिलीलीटर 85% फॉस्फोरिक एसिड लें, मात्रा 1000 मिलीलीटर तक करने के लिए जल मिलाएँ।
(ञ) 6 एन अमोनियम हाइड्रॉक्साइड: 500 मिलीलीटर शुद्ध जल में 198 मिलीलीटर सांद्र अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (28% अमोनियम हाइड्रॉक्साइड, विशिष्ट गुरुत्व 0.90) मिलाएँ और 1000 मिलीलीटर आयतन तक तनु करें,
(ट) मोबाइल फेज की तैयारी.-
(i) 1000 मिली वोल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 2.0 ग्राम मोनोबेसिक पोटेशियम फॉस्फेट का सही-सही वजन करें और उसमें 650 मिली जल मिलाएँ;

(ii) 15 मिली 0.5एम टेट्राब्यूटाइल अमोनियम हाइड्रॉक्साइड और 7.0 मिली 3एन-फॉस्फोरिक एसिड मिलाएँ;

(iii) 270 मिली मेथनॉल मिलाएँ और इसे कमरे के तापमान तक ठंडा करें;

(iv) 3N-फॉस्फोरिक एसिड या 6 एन अमोनियम हाइड्रॉक्साइड के साथ पीएच 5.0 समायोजित करें; और

(v) अंत में अति-शुद्ध जल से आयतन को 1000 मिली तक करें।

(ठ) नमूना विलयन की तैयारी.-

(i) 1 ग्राम (± 0.1 ग्राम) नमूने का सटीक वजन लें और उसमें 0.1 मिली 10% अमोनियम हाइड्रॉक्साइड मिलाएँ और फिर उसे 10 मिली एम्बर रंग के वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में डालें, 5 मिली मोबाइल फेज़ मिलाएँ और पाँच मिनट तक वोर्टेक्स में रखें

(ii) नमूने के विलयन को कमरे के तापमान पर ठंडा करें;

(iii) दो मिनट तक वोर्टेक्स में रखें और मोबाइल फेज़ के साथ आयतन को 10 मिली तक बनाएँ;

(iv) विलयन को 0.45 माइक्रोमीटर नायलॉन सिरिंज फिल्टर से छान लें; और

(v) निस्स्यंद को शीशी में डालें और एचपीएलसी में इंजेक्शन लगाने के लिए इसका उपयोग करें।

टिप्पण : यदि आवश्यक हो, तो नमूने को वांछित सांद्रता तक तनु करें।

(ड) फोलिक एसिड के मानक स्टॉक विलयन की तैयारी.-

(i) 10 मिली एम्बर रंग के वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 10 मि.ग्रा. (± 0.1 मि.ग्रा.) फोलिक एसिड स्टैण्डर्ड का ठीक ढंग से वजन करें और उसमें 0.1 मि.ली. 10% अमोनियम हाइड्रॉक्साइड विलयन मिलाएँ और मोबाइल फेज से वॉल्यूम को 10 मि.ली. तक बनाएँ, दो मिनट तक वोर्टेक्स में घुमाएँ, विलयन को -20°से. पर प्रकाश प्रोटेक्टेड एरिया में संग्रहित करें, इससे 1000 मि.ग्रा./कि.ग्रा. का मानक स्टॉक विलयन (एसएसएस) प्राप्त होता है; और

(ii) नीचे दी गई तालिका में निर्दिष्ट विवरण के अनुसार कैलीब्रेशन मानक विलयन तैयार करें।

तालिका

क्र. सं.	***कैलीब्रेशन मानक विलयन***	***मानक* स्टॉक *विलयन* (मिलीग्राम/किग्रा)**	***स्टैण्डर्ड* स्टॉक *विलयन* का आयतन (मिली)**	**फाइनल मेकअप आयतन तानुकारक (मिली)**	**फाइनल कनसंन्ट्रेशन (मिलीग्राम/किग्रा)**
(i)	लीनियरटी विलयन 6	1000	1.50	10	150
(ii)	लीनियरटी विलयन 5	1000	1.20	10	120
(iii)	लीनियरटी विलयन 4	1000	1.00	10	100
(iv)	लीनियरटी विलयन 3	1000	0.85	10	85
(v)	लीनियरटी विलयन 2	1000	0.50	10	50
(vi)	लीनियरटी विलयन 1	1000	0.20	10	20
टिप्पण : कैलीब्रेशन मानक विलयन हमेशा नया तैयार करें।					

40.3 प्रक्रिया-

निम्न तालिका में निर्दिष्ट स्थितियों का पालन करते हुए एचपीएलसी विश्लेषण करें।

तालिका

(i)	उपकरण	एचपीएलसी
(ii)	डिटेक्टर	यूवी
(iii)	वेबलैंथ	280 एनएम
(iv)	कॉलम	सी-18 ओडीएस कॉलम (4.6 मिमी x 250 मिमी x 5 माइक्रोमीटर)
(v)	रन टाइम	10 मिनट
(vi)	फ्लो रेट	1.8 मिली/मिनट
(vii)	इंजेक्शन आयतन	10 µl
(viii)	कॉलम तापमान	25°से.
टिप्पण : उपकरण और कॉलम का मेक, मॉडल बदला जा सकता है, तथापि उपकरण वांछित जांच स्तर (एलओडी) और परिमाणीकरण स्तर (एलओक्यू) मान को प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए और कॉलम कंपोज़ीशन और डायमेंशन के संदर्भ में बिल्कुल समान होना चाहिए।		

40.4 गणना-

निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करके प्रीमिक्स में फोलिक एसिड की गणना करें-

$$\text{फोलिक एसिड (विटामिन बी9) (मिलीग्राम / किलोग्राम)} = \frac{\text{नमूना सांद्रता (मिलीग्राम/किग्रा) x मेक अप आयतन (मिलीलीटर)}}{\text{नमूने का वजन (ग्राम)}}$$

40.5 संदर्भ-

मेथड प्रोटोकॉल: पीआटी/आर/पीआरएम /2023/001, एचपीएलसी का उपयोग करके प्रीमिक्स में फोलिक एसिड (विटामिन बी9) के आकलन हेतु मेथड वैलिडेशन रिपोर्ट। यूनाइटेड स्टेट्स फार्माकोपिया- फोलिक एसिड (जांच)।

41. होमोब्रासिनोलाइड का अवधारण -

41.1 उपकरण-

(क) रिवर्स फेज सी-18 कॉलम (150 मिमी × 4.6 मिमी x 3माइक्रोलीटर)
(ख) यूवी डिटेक्टर (ईएलएसडी)
(ग) वेइंग बैलेंस
(घ) अल्ट्रासोनिक बाथ
(ङ) थर्मोस्टेट
(च) 0.22माइक्रोन सिरिंज फ़िल्टर

41.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी-

(क) जल (अल्ट्रा-प्योर/एचपीएलसी ग्रेड)
(ख) एसीटोनिट्राइल (सी.ए.एस. न. 75-05-8)
(ग) मेथनॉल (सी.ए.एस. न. 67-56-1)
(घ) (22एस, 23एस)-28- होमोब्रासिनोलाइड (सी.ए.एस. न. 82373-95-3)
(ङ) फेनिलबोरोनिक एसिड

(च) मोबाइल फेज की तैयारी: एसीटोनिट्राइल (80 मिली) और जल (20 मिली) को (80:20, वी/वी) के अनुपात में मिलाएँ और पंद्रह मिनट तक सोनिकेट करें

(छ) फेनिलबोरोनिक एसिड विलयन की तैयारी: लगभग 1500 मिलीग्राम (निकटतम 0.01 ग्राम तक) फेनिलबोरोनिक एसिड को 250 मिली के वोल्यूमेट्रिक फ्लास्क में तौलें, मेथनॉल के साथ निशान तक घोलें और अच्छी तरह मिलाएँ।

(ज) 28-होमोब्रासिनोलाइड स्टॉक स्टैण्डर्ड विलयन तैयार करना:

(i) 25 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में 28-होमोब्रासिनोलाइड के 10 मिलीग्राम को सही ढंग से तौलें और इसे घोलने के लिए मेथनॉल (15 मिली) मिलाएँ;

(ii) फिर 4 मिली फेनिलबोरोनिक एसिड विलयन मिलाएँ और इसे 50°से. पर थर्मोस्टेट में तीस मिनट तक रखें;

(iii) विलयन को कमरे के तापमान तक ठंडा होने दें और मेथनॉल से निशान तक भरें;

(iv) अच्छी तरह मिलाएँ और फ्लास्क को पाँच मिनट के लिए अल्ट्रासोनिक बाथ में रखें, फिर विश्लेषण से पहले विलयन को 0.45 माइक्रोन फ़िल्टर से छान लें;

(v) इससे 400 मिलीग्राम/लीटर का स्टॉक मेम्ब्रेन विलयन प्राप्त होता है; और

तालिका

क्र. सं.	रैखिकता मानक	स्टॉक विलयन का सांद्रण (पीपीएम)	उपयोग किए जाने वाले स्टॉक घोल की आयतन (एमएल)	उपयोग किए जाने वाले मेथनॉल की आयतन (एमएल)	कॉन्सेन्ट्रेशन मानक का (मिलीग्राम/ लीटर)
(i)	मानक 1	400	0.20	0.80	80
(ii)	मानक 2	400	0.40	0.60	160
(iii)	मानक 3	400	0.60	0.40	240
(iv)	मानक 4	400	0.80	0.20	320
(v)	मानक 5	400	1.00	0.00	400

(ञ) नमूने की तैयारी.-

(i) नमूना लेने से पहले उत्पाद को अच्छी तरह मिलाएँ या हिलाएँ;

(ii) 25 मिली वोलुमीट्रिक फ्लास्क में 10 मिलीग्राम या 28- होमोब्रासिनोलाइड का 10 मिलीग्राम धारित नमूने की मात्रा लें;

(iii) घोलने के लिए 15 मिलीलीटर मेथनॉल मिलाएँ;

(iv) 4 मिली फेनिलबोरोनिक अम्ल विलयन मिलाएँ और इसे 50°से. पर थर्मोस्टेट में तीस मिनट तक रखें;

(v) विलयन को कमरे के तापमान तक ठंडा होने दें और मेथनॉल से निशान तक भरें; और

(vi) अच्छी तरह मिलाएँ और फ्लास्क को पाँच मिनट के लिए अल्ट्रासोनिक बाथ में रखें, फिर विश्लेषण से पहले विलयन को 0.45 माइक्रोन फ़िल्टर मैम्बरेन से छान लें।

41.3 प्रक्रिया.-

नीचे दी गई तालिका में निर्दिष्ट स्थितयों के अनुसार एचपीएलसी विश्लेषण करें।

तालिका

(i)	कॉलम	सी18 (150 मिमी x 4.6 मिमी x 5 माइक्रोन)
(ii)	डिटेक्टर	यूवी
(iii)	डिटेक्टिंग वेबलेन्थ	220 एनएम

(iv)	प्रवाह दर	1.0 मिली/ मिनट
(v)	कॉलम तापमान	25 ^{0} सेल्सियस
(vi)	मोबाइल फेज़	*एसीटोनिट्राइल: वाटर (80: 20)*
(vii)	रन टाइम	20 मिनट
(viii)	इंजेक्शन आयतन	10 माइक्रोलीटर

41.4 गणना.-

$$\text{एफ} = \frac{\text{28-होमोब्रासिनोलाइड मानक का द्रव्यमान (मिलीग्राम) x 28-होमोब्रासिनोलाइड मानक की शुद्धता (ग्राम/किग्रा)}}{\text{केलीब्रेशन विलयन में 28-होमोब्रासिनोलाइड पीक क्षेत्र}}$$

$$\text{28-होमोब्रासिनोलाइड का अंश (ग्राम/किग्रा)} = \frac{\text{नमूना विलयन में 28-होमोब्रासिनोलाइड की पीक क्षेत्र x एफ}}{\text{लिए गए नमूने का द्रव्यमान (मिलीग्राम)}}$$

41.5 संदर्भ.-

सीआईपीएसी/5247/एम 28-होमोब्रासिनोलाइड (जून 2020)।

42. प्रोटीन का अवधारण.-

(क) कुल नाइट्रोजन (नाइट्रेट मुक्त नमूनों में) अवधारण के लिए अनुसूची-II के भाग ख में क्रम संख्या 3 पर दिए गए विस्तृत प्रोटोकॉल का पालन करें; और

(ख) अवधारित कुल नाइट्रोजन से निम्न सूत्र का उपयोग कर प्रोटीन अवधारण करें.-

$$\text{प्रोटीन (\%)} = \text{कुल नाइट्रोजन} \times 6.25$$

43. एचपीएलसी द्वारा विटामिन-बी3 (नियासिन) का अवधारण.-

43.1. उपकरण.-

(क) फ्लूअरेसन्स डिटेक्टर के साथ एचपीएलसी प्रणाली।

(ख) कॉलम - लिक्रोस्फीयर® 60 आर पी-18 (250 मिमी x 4.0 मिमी x 5 माइक्रोन)

(ग) 0.22 माइक्रोन सिरिंज फ़िल्टर

43.2 रसायन और अभिकर्मक तैयार करना.-

(क) सोडियम एसीटेट,

(ख) पोटेशियम डाइहाइड्रोजन फॉस्फेट, (KH_2PO_4),

(ग) नॉन-स्टेबिलाइज्ड हाइड्रोजन पेरोक्साइड विलयन, H_2O_2 (30%),

(घ) कॉपर सल्फेट,

(ङ) एसीटिक अम्ल,

(च) सांद्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोल,

(छ) सोडियम हाइड्रॉक्साइड,

(ज) निकोटिनिक एसिड (सीएएस न. 59-76-6),

(झ) निकोटिनामाइड (सीएएस न. 98-92-0),

(ञ) जल (एचपीएलसी ग्रेड),

(ट) 0.1एम हाइड्रोक्लोरिक एसिड घोल: एक सूखा और साफ किया हुआ 1000 मिली वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क लें और उसमें 100 मिली जल डालें, 8.3 मिली सांद्र हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें, जल के साथ निशान तक आयतन तैयार करें और घोल को अच्छी तरह से मिलाएं,

(ठ) कॉपर सल्फेट घोल, [Cu(II)SO4.5H2O], यह मोबाइल फेज तैयार करने हेतु तनुकरण के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

(ड) पोटेशियम डाइहाइड्रोजन फॉस्फेट ($KH_2 PO_4$) विलयन , यह मोबाइल फेज तैयार करने हेतु तनुकरण के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

(ढ) हाइड्रोजन पेरोक्साइड विलयन ($H_2 O_2$), यह मोबाइल फेज तैयार करने हेतु तनुकरण के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

(ण) 5एम सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन: 20 ग्राम सोडियम हाइड्रॉक्साइड को 80 मिलीलीटर जल में घोलें, ठंडा होने के बाद 100 मिलीलीटर तक पतला करें।

(त) निकोटिनिक एसिड स्टॉक विलयन (1 मिलीग्राम/मिलीलीटर) की तैयारी: निकोटिनिक एसिड मानक पदार्थ (100 मिलीग्राम) को जल (100 मिलीलीटर) में घोलें, यह विलयन -18±1°से. पर एक सप्ताह तक स्थिर रहता है।

(थ) निकोटिनिक एसिड (एनए) और निकोटिनामाइड (एनएएम) मानक विलयन (0.05 - 5 माइक्रो ग्राम /मिली): 100 मिलीलीटर जल में प्रत्येक स्टॉक विलयन के 1 मिलीलीटर के साथ पहला विलयन तैयार करें, और इस विलयन से 100 मिलीलीटर जल में चार मानक विलयन (0.5 मिलीलीटर, 2.5 मिलीलीटर, 10 मिलीलीटर और 50 मिलीलीटर) तैयार करें, ये विलयन कमरे के तापमान पर एक दिन के लिए स्थिर हैं।

(द) नमूना तैयार करना:

(i) नमूने (0.5- 2.0 ग्राम) को 25 मिलीलीटर 0.1एम हाइड्रोक्लोरिक एसिड के साथ वोर्टेक्स पर मिलाएं;

(ii) ट्यूबों को तैयार वाटरबाथ में एक घंटे तक गर्म करें;

(iii) एक्स्ट्रैक्ट को एर्लेनमेयर फ्लास्क (250 एमएल) में स्थानांतरित करें, और 20 मिलीलीटर डिस्टिल्ड जल और 4 मिलीलीटर 5एम सोडियम हाइड्रॉक्साइड मिलाएं, फ्लास्क को एक घंटे के लिए 121± 1 °से. पर आटोक्लेव करें;

(iv) ठंडा करने के पश्चात्, एक्स्ट्रैक्ट के पीएच को पहले सांद्रित और फिर तनु 0.1एम हाइड्रोक्लोरिक एसिड के साथ 4.5 तक स्थिर करें; और

(v) डिस्टिल्ड जल के साथ एक्स्ट्रैक्ट को 100 मिलीलीटर तक तनु करें और एचपीएलसी शीशियों में फ़िल्टर करें।

43.3 प्रक्रिया.-

(क) नियासिन विटामिनर्स (एनए और एनएएम) को नार्मल फेज सिलिका (एचएसएस) टी3 कॉलम (2.1 × 150 मिमी, 1.8 माइक्रोन) के साथ अलग करें।

(ख) पोटेशियम फॉस्फेट बफर (पोटेशियम डाइहाइड्रोजन फॉस्फेट के 70 मिलीएम; पीएच 4.5) में कॉपर सल्फेट ($CuSO_4$, 5 माइक्रो एम) और हाइड्रोजन पेरोक्साइड (H2O2, 150 मिलीएम) की अनुकूलित सांद्रता से युक्त मोबाइल फेज (0.3 मिलीलीटर/मिनट) के आइसोक्रेटिक प्रवाह का उपयोग करके 30 डिग्री सेल्सियस पर क्रोमैटोग्राफिक पृथक्करण करें,

(ग) कॉलम से निकलने वाले इल्यूएंट प्रवाह को एक निटेड पीटीईई प्रतिक्रिया कॉयल (1.59 मिमी ओडी, 0.17 मिमी आईडी और 5 मीटर लंबाई) में लंबी तरंगदैर्ध्य यूवी प्रकाश (366 एनएम, 8 डब्ल्यू) के संपर्क में लाएं,

(घ) एनए और एनएएम का फ्लोरोमेट्रिक रूप से (322 एनएम एक्साइटेशन और 380 एनएम उत्सर्जन तरंगदैर्ध्य) पता लगायें,

(ङ) नमूना इक्स्ट्रैक्ट (10 माइक्रोलीटर) को दो प्रतियों में इंजेक्ट करें।

(च) एचपीएलसी स्थितियों का पालन निम्न तालिका में निर्दिष्ट अनुसार करें–

तालिका

(i)	कॉलम	नॉर्मल फेज सिलिका (एचएसएस) टी3 स्तंभ (2.1 × 150 मिमी, 1.8 माइक्रोमीटर)।
(ii)	मोबाइल फेज़	मोबाइल फेज का आइसोक्रेटिक प्रवाह, जिसमें पोटेशियम फॉस्फेट बफर (70मिली एम पोटेशियम डाइहाइड्रोजन फॉस्फेट, पीएच 4.5) में कॉपर सल्फेट (5 माइक्रो एम $CuSO_4$) और हाइड्रोजन पेरोक्साइड (150 मिली एम H_2O_2) की अनुकूलित सांद्रता सम्मिलित है।
(iii)	नमूना इंजेक्शन	10 माइक्रोलीटर.
(iv)	रिटेंशन टाइम	3.6 मिनट (निकोटिनिक एसिड के लिए)। 10.6 मिनट (निकोटिनामाइड के लिए)। (ये कॉलम फेज और डिमेन्शन्ज़ के साथ-साथ मोबाइल फेज प्रवाह दर के आधार पर भिन्न हो सकते हैं)।
(v)	प्रवाह दर	0.3 मिली/मिनट।
(vi)	तापमान	30 डिग्री सेल्सियस।
(vii)	रन टाइम	15 मिनट।
टिप्पण : निकोटिनिक एसिड (एनए) और निकोटिनामाइड (एनएडी) के लिए पता लगाने का स्तर क्रमशः 0.02 एनजी और 0.01 एनजी है, निकोटिनिक एसिड और निकोटिनामाइड के लिए मात्रा का स्तर (पता लगाने के स्तर का 3 गुना) क्रमशः 0.06 एनजी और 0.03 एनजी है।		

43.4 गणना.-

निकोटिनिक एसिड और निकोटिनामाइड सांद्रण की गणना एक्सटर्नल कैलीब्रेशन कर्व (कैलीब्रेशन रेंज: 0.2 - 20 एनजी) का उपयोग करके की जानी चाहिए।

43.5 संदर्भ.-

खाद्य पदार्थों में नियासिन के निर्धारण की विधि, 2022 (एफएसएसएआई)।

44. कैराबिटोल (कैरागीनन ओलिगोसेकेराइड व्युत्पन्न) का अवधारण. -

44.1 उपकरण.-

(क) एचपीएलसी क्रॉमसिल एलई पीबी + (8%) कॉलम (7.8 मिमी x 300 मिमी x 7µ) या यूएसपी एल34- आरपीएम मोनोसैकेराइड पीबी (+) कॉलम
(ख) अपवर्तक सूचकांक डिटेक्टर
(ग) एनालिटिकल बैलेंस
(घ) अल्ट्रासोनिक बाथ
(ङ) 0.22 माइक्रोन सिरिंज फिल्टर

44.2 रसायन और अभिकर्मक.-

(क) जल (एचपीएलसी ग्रेड)
(ख) कैराबिटोल मानक

(ग) कैराबिटॉल मानक विलयन की तैयारी: 10 मिलीलीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में कैराबिटॉल (0.01 ग्राम) तौलें और अंतिम आयतन एचपीएलसी ग्रेड जल के साथ तैयार करें और अच्छी तरह मिलाएँ,

(घ) विलयन को पंद्रह मिनट तक अल्ट्रासोनिकेट करें और 0.22 माइक्रोन सिरिंज फिल्टर से छान लें।

44.3 प्रक्रिया.-

निम्न तालिका में विनिर्दिष्ट स्थितियों के अनुसार एचपीएलसी विश्लेषण करें,

तालिका

(i)	कॉलम	क्रोमसिल एलई पीबी+ (8%) कॉलम
(ii)	डिटेक्टर	आरआई
(iii)	डिटेक्टर तापमान	35±2 °से.
(iv)	प्रवाह दर	0.6 मिली/मिनट
(v)	कॉलम तापमान	80 ± 2^0 सेल्सियस
(vi)	मोबाइल फेज़	*जल(एचपीएलसी ग्रेड)*
(vii)	रन टाइम	20 मिनट
(viii)	इंजेक्शन की मात्रा	10 माइक्रोलीटर
(ix)	ट्राई- कैराबिटोल (पीक 1)	आरआरटी: 1.75
(x)	टेट्रा- कैराबिटोल (पीक 2)	आरआरटी: 2.10
(xi)	हेक्सा - कैरेबिटोल (पीक 3)	आरआरटी: 2.25
(xii)	डि- कैराबिटोल (पीक 4)	रिटेंशन टाइम: 7-8 मिनट के बीच

44.4 गणना.-

(क) नमूने के लिए कैराबिटॉल एरिया (nRlU*s) = सभी चार पीक क्षेत्र का योग (पीक वन क्षेत्र + पीक 2 क्षेत्र + पीक 3 क्षेत्र + पीक 4 क्षेत्र); और

(ख) मानक के लिए कैराबिटॉल क्षेत्र % = सभी चार पीक क्षेत्र का योग (पीक वन क्षेत्र + पीक 2 क्षेत्र + पीक 3 क्षेत्र + पीक 4 क्षेत्र)।

$$\text{कुल कैराबिटोल (\%)} = \frac{\text{नमूना पीक क्षेत्र का औसत x मानक भार (ग्राम) x डाइल्यूशन कारक x मानक पीक क्षेत्र का औसत}}{\text{मानक पीक एरिया का औसत x नमूना भार (ग्राम)}}$$

44.5 संदर्भ.-

एमपीटीडी/एचपीएलसी/2021/ई01 18 (सीएसआईआर - राष्ट्रीय अंतःविषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, माइक्रोबियल प्रक्रियाएं और प्रौद्योगिकी प्रभाग)।

45. हार्पिन -αβ का अवधारण.-

45.1. उपकरण.-

(क) एचपीएलसी।

(ख) अल्ट्रासोनिक बाथ।

(ग) एनालिटिकल बैलेंस

(घ) लैब्रटोरी ग्लासवेयर।

(ङ) फ्रीजर (-18°से.)।

45.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी.-

(क) हार्पिन αβ (सीएएस सं. 917237-54-8) ज्ञात शुद्धता का मानक,
(ख) एसीटोनिट्राइल,
(ग) जल,
(घ) ट्रीफ्लुओरोअसेटिक एसिड,
(ङ) कैलीब्रेशन मानक स्टॉक विलयन: 10 मिलीग्राम हार्पिन αβ का वजन करें और 50 मिलीलीटर वॉल्यूमेट्रिक फ्लास्क में डालें, मोबाइल फेज ए के साथ आयतन को 50 मिलीलीटर तक करें,
(च) मोबाइल फेज ए में लगभग 50-150 माइक्रोग्राम/एमएल हार्पिन αβ पर कैलीब्रेशन मानक स्टॉक विलयन से कैलीब्रेशन विलयन तैयार करें,
(छ) नमूना विलयन: लगभग 1.0 ग्राम सैम्पल को मोबाइल फेज-ए (लगभग 100 माइक्रोग्राम/एमएल हार्पिन αβ) के साथ 100 मिलीलीटर तक तनु करें।

45.3 क्रोमैटोग्राफिक परिस्थितियाँ.-

क. निम्न तालिका में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों के अनुसार एचपीएलसी विश्लेषण करें।

तालिका

(i)	कॉलम	ज़ोरबैक्स 300एसबी-सी8, 4.6 मिमी x 50 मिमी, 300 Ă, 5m यूएसजेके001535. (एक ज़ोरबैक्स 300एसबी सी 8 5 pm, 4.6 मिमी x 12.5 मिमी गार्ड कॉटरेज कॉलम सहित)।
(ii)	डिटेक्शन वेबलेंथ	218 एनएम.
(iii)	मोबाइल फेज़	मोबाइल फेज -ए: 0.1% ट्राइफ्लोरोएसिटिक एसिड + 99.9% वाटर (वी/वी)। मोबाइल फेज -बी: 0.1% ट्राइफ्लोरोएसेटिक एसिड + 94.9% एसीटोनिट्राइल + 5% वाटर (वी/वी)।
(iv)	सैम्पल इंजेक्शन	(20 माइक्रोलीटर)
(v)	रिटेंशन टाइम	7.4 मिनट
(vi)	प्रवाह दर	1.5 मिली/मिनट
(vii)	ताप	50^0से.

ख. एचपीएलसी विश्लेषण के दौरान निम्न तालिका में विनिर्दिष्ट मोबाइल फेज ग्रेडिएन्ट का अनुपालन किया जाना चाहिए।

तालिका

क्र. सं.	समय (मिनट)	मोबाइल फेज -बी का %
(i)	0.0	44
(ii)	5.0	54
(iii)	8.0	66
(iv)	8.5	100
(v)	9.5	100
(vi)	9.75	44
(vii)	12	44

45.4 गणना.-

$$\text{हार्पिन } \alpha\beta \text{ (मिलीग्राम/किलोग्राम)} = \frac{\text{नमूना क्षेत्र x मानक सांद्रता x तनुकरण}}{\text{मानक क्षेत्र x नमूना वजन}}$$

46. लैक्टोज का अवधारण.-

46.1 उपकरण.-

(क) वाटर बाथ,

(ख) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर ।

46.2 रसायन और अभिकर्मक की तैयारी.-

(क) जिंक एसीटेट - फॉस्फोटंगस्टिक एसिड (जेडएपीटी): 25.0 ग्राम जिंक एसीटेट और 12.5 ग्राम फॉस्फोटंगस्टिक एसिड को जल में घोलें, 20 मिली ग्लेशियल एसिटिक एसिड मिलाएं और 100 मिली तक घोल बनाएं,

(ख) ग्लाइसिन-NaOH बफर: 2.4768 ग्राम ग्लाइसिन और 1.9359 ग्राम सोडियम क्लोराइड युक्त 150 मिलीलीटर ग्लाइसिन घोल को 850 मिलीलीटर 0.385 एन सोडियम हाइड्रोक्साइड के साथ मिलाएं जिससे पीएच 12.8 हो जाए,

(ग) मिथाइलऐमीन विलयन : डिस्टिल वाटर में 5.0 ग्राम मिथाइलऐमीन हाइड्रोक्लोराइड घोलें और 100 मिलीलीटर तक तनु करें तथा रेफ्रिजरेटर में रखें,

(घ) सोडियम सल्फाइट विलयन 1% (डब्लू /वी): आसुत जल में 1.0 ग्राम सोडियम सल्फाइट घोलें और 100 मिलीलीटर तक तनु करें, ताजा तैयार करें,

(ङ) 1एन सोडियम हाइड्रोक्साइड विलयन: आसुत जल में 40 ग्राम सोडियम हाइड्रोक्साइड घोलें और आयतन एक लीटर करें,

(च) मानक लैक्टोज़ विलयन:

(i) स्टॉक विलयन: 2.5315 ग्राम लैक्टोज़ मोनोहाइड्रेट (यूएसपी ग्रेड) को 200 मिलीलीटर 0.1 प्रतिशत (डब्लू /वी) बेंजोइक एसिड में घोलें और रेफ्रिजरेटर में रखें; और

(ii) कार्यशील विलयन: 10, 15, 20, 25 और 30 मिलीलीटर स्टॉक विलयन को अलग-अलग 250 मिलीलीटर में तनु करें ताकि प्रति मिलीलीटर 0.5 से 1.5 मिलीग्राम लैक्टोज़ प्राप्त हो।

(छ) नमूने की तैयारी :

(i) 8.0 ग्राम अच्छी तरह मिश्रित नमूने में 1 मिली जेडएपीटी अभिकर्मक मिलाएं, 10 मिली तक तनु करें, और दस मिनट के बाद वॉटमैन नंबर 1 फिल्टर पेपर का उपयोग करके छान लें; और

(ii) 0.5 मिली निस्यंद में 0.5 मिली सोडियम हाइड्रोक्साइड विलयन मिलाएं, 10 मिली तक तनु करें और वॉटमैन नंबर 1 फिल्टर पेपर का उपयोग करके छान लें, 5 मिली निस्यंद को 10 मिली तक तनु करें।

46.3 प्रक्रिया.-

(क) मानक वक्र की तैयारी और नमूने में माप : कार्यशील मानक लैक्टोज और अज्ञात विलयन के 5 मिलीलीटर पिपेट को 25 मिलीलीटर टेस्ट ट्यूब में डालें;

(ख) प्रत्येक ट्यूब में 5 मिलीलीटर ग्लाइसीन सोडियम हाइड्रोक्साइड बफर, 0.5 मिलीलीटर मिथाइलमाइन घोल और 0.5 मिलीलीटर सोडियम सल्फाइट घोल डालें, अच्छी तरह मिलाएं;

(ग) ट्यूबों को थर्मोस्टेटिक रूप से नियंत्रित वाटर बाथ में 65 डिग्री सेल्सियस पर पच्चीस मिनट तक गर्म करें और प्रतिक्रिया को रोकने के लिए तुरंत दो मिनट के लिए बर्फ के वाटर बाथ में ठंडा करें;

(घ) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर या उपयुक्त स्पेक्ट्रोफोटोमीटर में 540 एनएम पर रिक्त स्थान के विरुद्ध अवशोषण को पढ़ें; और

(ङ) लैक्टोज की सांद्रता के विरुद्ध अवशोषण को आलेखित करके एक मानक वक्र बनाएं और इससे लैक्टोज की सांद्रता निर्धारित करें।

46.4 संदर्भ .-

निकर्सन एट आल. 1976. लैक्टोज़ और उसके हाइड्रोलाइटिक उत्पादों का कलेरमेट्रिक आकलन। जर्नल डेयरी साइंस 59, न. 3, पृष्ठ 386।"

[फा.सं. 3-5/2025-बायोस्टिमुलेंट्स]

फ्रैंकलिन एल खोबुंग, संयुक्त सचिव

टिप्पण : मूल आदेश भारत के राजपत्र में जीएसआर न. 758(अ) तारीख 25 सितंबर, 1985 द्वारा प्रकाशित किया गया था और अंतिम संसोधन का. आ. 4441 (अ) तारीख 29 सितम्बर, 2025 द्वारा किया गया था।

MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE

(Department of Agriculture and Farmers Welfare)

ORDER

New Delhi, the 30th September, 2025

S.O. 4533(E). – In exercise of the powers conferred by section 3 of the Essential Commodities Act, 1955 (10 of 1955), the Central Government hereby makes the following Order further to amend the Fertiliser (Inorganic, Organic or Mixed) (Control) Order, 1985, namely.-

1. (1) This Order may be called the Fertiliser (Inorganic, Organic or Mixed) (Control) Eleventh Amendment Order, 2025.

(2) It shall come into force on the date of its publication in the Official Gazette.

2. In the Fertiliser (Inorganic, Organic or Mixed) (Control) Order, 1985, in Schedule VI, in Part D " METHODOLOGY OF TESTING" , after sub-heading 32, "Estimation of arsenic", the following items and the entries shall be inserted, namely.-

"33. Estimation of salicylic acid by HPLC.-

33.1 Equipment.-

(a) reverse phase C-18 column (250 mm×4.6 mm x 5µ).
(b) UV detector.
(c) analytical balance.
(d) 0.22µ syringe filter.

33.2 Chemicals and Reagent Preparations.-

(a) acetonitrile (HPLC grade, CAS No. 75-05-8).
(b) orthophosphoric acid (CAS No. 7664-38-2).

(c) salicylic acid (CAS No. 69-72-7).
(d) water (HPLC grade).
(e) preparation of mobile phase: take acetonitrile and water (with 0.1% orthophosphoric acid) in the ratio of 50: 50 v/v, sonicate it for 5 minutes and vacuum filter the solution and degas before use.
